तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घनश्याम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353905489091550
03/02/26	अपीलार्थी घनश्याम निवासी 218, वार्ड नंबर 1, चौलावाटो का वेरा, पीपाड़ शहर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बिलाड़ा) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 26.10.2025 श्रीमती मंजी पत्नी श्री घनश्याम के खिलाफ 2023 में दर्ज परिवाद में की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बिलाडा) ने अपने पत्रांक 45 दिनांक 27.01.2026 द्वारा अवगत करवाया है कि अपीलार्थी द्वारा की किया सूचना आवेदन अपूर्ण था। जिसकी सूचना आवेदक को करने के उपरांत भी वांछित सूचना के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यालय को उपलब्ध नहीं करवाई गई। जिसके कारण वांछित सूचना आवेदक को नहीं दी जा सकी। अतः लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बिलाडा) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने के अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.03 10:03:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20278271